आकाशवाणी श्री विजयपुरम

14.01.2026 समय : 1905

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र निर्माण में किसानों के योगदान की सराहना की। कहा – किसानों के प्रयासों से आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती मिल रही है।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा – सशस्त्र बलों के पूर्व सैनिक राष्ट्रीय चेतना के जीवंत स्तंभ और सामूहिक साहस के प्रतीक।
- मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार ने राजभाषा विभाग की ई–पत्रिका राजभाषा दर्पण का विमोचन किया।
- आइलैंड्स सी–फूड फेस्टिवल को देखते हुए मरीना पार्क रोड को कल और सोलह जनवरी के लिए बंद रखा जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि किसान, राष्ट्र निर्माण में सशक्त भागीदार हैं और उनके प्रयासों से आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती मिल रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार, किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए अथक प्रयास कर रही है। श्री मोदी ने आज सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन के नई दिल्ली स्थित आवास पर आयोजित पोंगल समारोह में कहा कि पोंगल पर्व, जीवंत तमिल संस्कृति और प्रकृति के साथ जुड़ाव का उत्सव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हमारे किसान राष्ट्र निर्माण के मजबूत साथी हैं, उनके प्रयासों से आत्मनिर्भर भारत अभियान को बहुत मजबूती मिल रही है। केंद्र सरकार भी किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध होकर लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि पोंगल प्रकृति, परिवार और समाज के साथ संतुलन स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तमिल संस्कृति समूचे देश और मानवता की साझा विरासत है। उन्होंने कहा कि तमिल संस्कृति में किसानों को जीवन का आधार माना जाता है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस 2026 को संबोधित करेंगे। नई दिल्ली में आज दोपहर संवाददाता सम्मेलन में उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया की शुरुआत को दस साल हो गए हैं और यह स्टार्टअप जगत से जुड़े सभी लोगों के लिए बेहद खास दिन है। वहीं, विभाग के संयुक्त सचिव संजीव सिंह ने बताया कि देशभर से तीन हजार से अधिक स्टार्टअप इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

<><><><><><><>

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि पूर्व सैनिक राष्ट्रीय चेतना के जीवंत स्तंभ, सामूहिक साहस के प्रतीक और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली में श्री सिहं ने कहा कि पूर्व सैनिक राष्ट्र निर्माण के हर मोर्चे पर योगदान देते हैं और अनुशासन, नेतृत्व और साहस जैसे गुणों से समाज का मार्गदर्शन करते हैं।

<><><><><><><>

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि संस्थानों में दिए जाने वाले पाठ्यक्रम राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप और उद्योग–केंद्रित होने चाहिए। श्री प्रधान ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी, विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान परिषद की तेरहवीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान, परिषद ने संस्थानों में सुधार, विशिष्ट स्नातकोत्तर व एम.टेक कार्यक्रमों, सुदृढ़ नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण और बहु–भाषी शिक्षा के लिए ए.आई. को अपनाते हुए भारतीय भाषाओं के उपयोग को प्रोत्साहित करने पर ध्यान केंद्रित किया।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार ने राजभाषा विभाग की ई–पत्रिका राजभाषा दर्पण का विमोचन किया। इस ई–पत्रिका में राजभाषा विभाग की विविध गतिविधियों, हिन्दी के प्रचार–प्रसार के लिए किए जा रहे प्रयासों और नगर राजभाषा क्रियान्वयन समिति के क्रियाकलापों को शामिल किया गया है। इसका उद्देश्य हिन्दी को सरकारी कार्यों में प्रयोग और इसे जन–संपर्क का सशक्त माध्यम बनाना है।

पत्रिका में राजभाषा विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा हिन्दी भाषा का इतिहास, राजभाषा का क्रियान्वयन और द्वीपसमूह में हिन्दी भाषा के विकास जैसे विषयों पर रचनात्मक लेखों को शामिल किया गया है। राजभाषा विभाग द्वारा इस ई–पत्रिका का प्रकाशन प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

<><><><><><>

नई दिल्ली में आज 16वें आसियान देशों और सहभागी देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक ए डी एम एम प्लस के अंतर्गत आतंकवाद से निपटने को लेकर विशेषज्ञ कार्य समूह की बैठक शुरू हुई। भारत और मलेशिया इसकी संयुक्त अध्यक्षता कर रहे हैं। इस बैठक में आसियान के 11 सदस्य देशों और सात सहभागी देशों के प्रतिनिधिमंडलों के साथ आसियान सचिवालय के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। यह बैठक आतंकवाद रोधी मामलों में भारत के बहुपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने के लिए तीन वर्षीय कार्य योजना के तहत चल रही और नियोजित गतिविधियों पर विचार–विमर्श करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती है।

<><><><><><>

द्वीप समूह में आइलैंड्स सी–फूड फेस्टिवल के आयोजन को देखते हुए मरीना पार्क रोड कल और सोलह जनवरी को बंद रखा जाएगा। लाइट हाउस रेजिडेंसी से लेकर बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रथम जंक्शन तक सड़क पर यातायात प्रतिबंध लागू रहेगा। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों में वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।

<><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से पर्यटकों और स्थानीय निवासियों को बैरन द्वीप के लिए समय सारणी जारी की गई है। यह क्रूज यात्रियों को दक्षिण एशिया के एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी को देखने का अवसर प्रदान करेगा। जहाज नालंदा तेरह और सत्ताई फरवरी को रात नौ बजे श्री विजयपुरम से रवाना होगा। टिकट, विभाग के ई–टिकटिंग पोर्टल से कल सुबह नौ बजे से जारी किया जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए, पोर्टल से लिंक करने वाला एक QR कोड भी प्रदान किया गया है।

<><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर (एलोपैथी) और जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर (एलोपैथी– टेली मेडिसिन) के पदों के लिए होने वाले साक्षात्कार, तथा जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर (होम्योपैथी) और शिकायत निवारण–सह–आईईसी प्रबंधक के पदों के लिए कल होने वाले साक्षात्कार, को स्थगित किया गया है। अब यह साक्षात्कार बाईस और तेईस जनवरी को आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><>

राजकीय पॉलिटेक्निक डिगलीपुर में शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में अतिथि व्याख्याता एवं अंशकालिक प्रशिक्षकों की नियुक्ति हेतु साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। यह साक्षात्कार सत्रह जनवरी को राजकीय पॉलिटेक्निक डिगलीपुर में संपन्न होगा। संस्थान प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार, भर्ती से संबंधित आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, साक्षात्कार की समय–सारिणी तथा प्रदर्शन विषयों का विस्तृत विवरण संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट dbrait.andamannicobar.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त दूरभाष संख्या 03192–210955 पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

<><><><><><>